कब बदलेगी यह स्थिति।

(क) मेघा क्या करते हैं?

(ख) पानी कैसे बरसता है?

(ग) पर गगरी फूटी रह जाती है, बैल पियासे रह जाते है। इसका आशय स्पष्ट करें।

(घ) पाठ और लेखक का नाम बताइए।

11) निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3+3+3+3=12)

(क) नमक की पुड़िया ले जाने के संबंध में सफिया के मन में क्या द्वन्द्व था?

(ख) बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या–क्या असर पड़ता है ?

(ग) चार्ली सबसे ज्यादा स्वयं पर कब हँसता है?

(घ) जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया।

(ङ) अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन ढोल क्यों बजाता रहा?

12) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3+3=6)

(क) आनंदा का पिता कोल्हू जल्दी क्यों चलवाता था?

(ख) 'अतीत में दबे पाँव' में किस सभ्यता की चर्चा की गई है। यह कितना प्राचीन है?

(ग) यशोधर बाबू परिवार के बावजूद स्वयं को अधूरा क्यों मानते थे?

13) निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः (2+2= 4)

(क) पाठशला भेजने से पूर्व दादा ने आनन्दा से क्या वचन ले लिया था?

(ख) 'जूझ' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या सीख दी है?

(ग) चर्चिल किन गाँवों की यात्रा पर गये थे?

14) निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए।

(क) यशोधर बाबू सरल और सादगीपूर्ण जीवन के समर्थक है – सिद्ध कीजिए। (5X1= 5)

अथवा

(ख) 'सिन्धु घाटी सभ्यता के अवशेषों के आधार साक्ष्य से कम नहीं'। इस कथन की समीक्षा करें।



# ABM COLLEGE, JAMSHEDPUR

## HINDI CORE A (ARTS)

### XII INTERMEDIATE SECOND INTERNAL EXAM, 2019

**Full Marks : 100** **Pass Marks : 33** **Time : 3 hrs.**

**सभी खण्डों से निर्देशानुसार उत्तर दें।**

**खण्ड – क**

1) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। (1x5=5)

चढ़ रही थी धूप
गर्मियों के दिन
दिवा का तमतमाता रूप।
उठी झुलसाती हुई लू,
रूई ज्यों जलती हुई भू
गर्द चिनगी छा गयी
प्रायः हुई दुपहर
वह तोड़ती पत्थर।

(क) कवि किस ऋतु की चर्चा कर रहा है?

(ख) दिन का कैसा रूप है?

(ग) कैसी लू चल रही है?

(ध) प्रकृति के कैसे वातावरण की चर्चा की गई है?

(ङ) विषय और प्रतिकूल परिस्थिति में वह क्या कर रही है?

2) निम्ललिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3x5=15)

भविष्य का भार आपके कंधो पर है। संसार का सारा इतिहास, मानव के सारे पूर्वज उत्सुकता से आप सब युवकों की ओर देख रहे है। मानव जीवन के चरम विकास को, पृथ्वी पर स्वर्ग को या गाँधीजी के राम–राज्य को स्थापित करना आपके हाथ में है। उसी की स्थापना में मानव जीवन की सफलता है। जीवन को 'सत्यं', 'शिवं', 'सुन्दरम्', बनाने का भार अपने कंधों पर लेकर आप आगे बढ़ रहे है।

(क) भविष्य का भार किसके कंधो पर है?

(ख) उत्सुकता से कौन–कौन किसकी ओर देख रहे है?

(ग) युवक को क्या–क्या स्थापित करना है?

(घ) जीवन को कैसा बनाने का भार लेकर वे आगे बढ़ रहे है?

(ङ) प्रस्तुत अवतरण का उचित शीर्षक लिखिए।

**खण्ड – ख**

3) निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखिए (10x1=10)

(क) प्रदूषण की समस्या

(ख) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी

(ग) भ्रष्टाचार

(घ) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

4) अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के प्रचार प्रसार के लिए संबंधित अधिकारी को पत्र लिखें। (5)

5) अपने मुहल्ले की सफाई के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए। (5)

6) मोबाइल से होती सुविधा–असुविधा पर एक फीचर लिखिए। (5)

**खण्ड – ग**

7) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2+2+2+2= 8)

आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे देके कह रही है माँ
देख आइने में चाँद उतर आया है।

(क) शायर ने किसके ठुनकने की बात कही है?

(ख) बालक का मन किस चीज के लिए ललचाया है?

(ग) माँ उसे क्या देती है?

(घ) दर्पण में क्या उतर आया है?

अथवा

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ।
हों जिस पर भूपो के प्रासाद निछावर,
मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।



(क) उपयुक्त काव्यांश किस पाठ का है?

(ख) इसके कवि कौन है?

(ग) 'शीतल वाणी में आग' से क्या अभिप्राय है?

(ध) प्रस्तुत काव्यांश का भावार्थ लिखें।

8) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3+3= 6)

भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार
मन महुँ जात सराइत पुनि पुनि पवन कुमार।

(क) काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) काव्यांश के शिल्प सौंदर्य पर प्रकाश डालिए

9) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए (3+3= 6)

क) कैमरे में बन्द अपाहिज करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है? स्पष्ट करें।

(ख) छोटे पौधे बादल की भयंकर गर्जना सुनकर भी क्यों हँसते है?

(ग) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर राम क्या सोचने लगे?

10) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2+2+2+2= 8)

भक्तिन का दुर्भाग्य भी उससे कम हठी नहीं था, इसी से किशोरी से युवती होते ही बड़ी लड़की विधवा हो गई। भइयहू से पार न पा सकने वाले जेठों और काकी को परास्त करने के लिए कटिबद्ध जिठौतों ने आशा की एक किरण देख पाई। विधवा बहिन के गठबंधन के लिए बड़ा जिठौत अपने तीतर लड़ाने वाले साले को बुला लिया, क्योंकि उसका हो जाने पर सबकुछ उन्हीं के अधिकार में रहता।

(क) पाठ का नाम लिखिए।

(ख) लेखक का नाम बताइए।

(ग) भक्तिन का दुर्भाग्य क्या था?

(घ) जिठौतों को आशा की कौन–सी किरण दिखाई दी?

अथवा

काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते है। आखिर